आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी गयी और उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व को याद किया गया। लखनऊ में आम्बेडकर महासभा कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में जहां भी बाबा साहब डॉक्टर आम्बेडकर की मूर्तियां लगी हैं वहां चहारदिवारी बना कर मूर्तियों की सुरक्षा की जायेगी। साथ ही, मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने संविधान शिल्पी बाबा साहब के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार उन्हीं आदर्शों के अनुरूप कार्य कर रही है।

बाबा भीमराव अम्बेडकर ने जब भारत का संविधान बनाया था। भारत के संविधान के शिल्पी के रूप में अपने उत्तर दायित्व का निर्वहन किया था। तीन महत्वपूर्ण शब्द उसकी प्रस्तावना में रखे थे। वह था न्याय, स्वाधिनता यानी समता और बंधुता न्याय, समता और बंधुता ये तीन शब्द अगर आप देखेंगे मोदी के सबका साथ और सबके विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ हर गरीब को हर वंचित को, हर दलित को, हर पिछड़े को, हर महिला को, हर युवा को प्राप्त हो सके। इसके लिए देश के अंदर जो कार्यक्रम अभियान प्रारंभ होती है। वह आज आपके सामने है।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्रीगण स्वतंत्रदेव सिंह, असीम अरूण, महापौर सुषमा खरकवाल, आम्बेडकर महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर लालजी प्रसाद निर्मल ने भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी।

****

आज उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स का तिरसठवां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लखनऊ स्थित होमगार्ड्स मुख्यालय में आयोजित रैतिक परेड की सलामी लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार होमगार्ड्स जवानों के कल्याण के लिये प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

होमगार्ड के जवानों के कल्याण के लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है कि वर्तमान में हमलोग 43000 हजार होमगार्ड के जवानों की भर्ती की प्रक्रिया को आगे आगे बढ़ा रहे हैं और इसके हमलोगों ने इस बात को प्राथमिकता दी है। जिस जनपद का निवासी है उस जनपद में उसकी भर्ती हो आपदा प्रबंधन की उसकी ट्रेनिंग हो। आपदा ट्रेनिंग के साथ फर्स्ट–फर्स्ट रिसपान्स परसन के रूप में होमगार्ड का जवान वहां जा करके लोगों को राहत देने में अपना योगदान देगा और इसको लेकर आज उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के द्वारा इस प्रक्रिया को तेजी साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था में सहयोग सहित अनेक कार्यों में होमगार्ड्स जवानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ये जवान समाज के विश्वास के साथ ही प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होमगार्ड्स के अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट सेवा के लिये सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और धर्मवीर प्रजापति भी मौजूद रहे।

****

विमानन सेवा कम्पनी इंडिगो की उड़ानों को लेकर आई बाधा के बीच केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को यात्रियों को किरायों का लंबित भुगतान, बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयरलाइनों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क न लें जिनकी यात्राएं विमान रद्द होने के कारण प्रभावित हुई हैं। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कुछ एयरलाइनों द्वारा बहुत अधिक हवाई किराए वसूले जाने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी एयरलाइनों को निर्देश जारी कर अब निर्धारित किराया सीमा का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया है।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर तेजी से जारी है। गोरखपुर में एसआईआर की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि समय–सीमा के भीतर शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिये इस कार्य में लगी टीम मुस्तैदी से जुटी है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नही हैं, वे फार्म सिक्स भर सकते हैं। उधर, अम्बेडकरनगर में कुल अट्ठारह लाख सत्तर हजार सात सौ छिहत्तर मतदाताओं में से सोलह लाख पचास हजार मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरे जा चुके हैं।

****

काशी–तमिल संगमम के तीसरे समूह ने आज वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन किया। यह समूह लेखकों का है। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने समूह में शामिल अतिथियों का पुष्पवर्षा और डमरू वादन के बीच स्वागत किया।

****